| |
|---|
| दिनांक 23.08.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 443/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद कौशाम्बी/थाना कोखराज**

- **पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **01 लाख 03 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 फॉर्च्यूनर वाहन आदि बरामद**

दिनांक 22/23.08.2026 को थाना कोखराज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रोही चौराहे के पास चेकिंग के दौरान बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–अलीशान घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–प्रदीप 3–दीपक 4–मसरूर सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण, 01 लाख 03 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 फॉर्च्यूनर वाहन आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना कोखराज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोखराज पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त अलीशान शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद कौशाम्बी, फतेहपुर व कमिश्नरेट प्रयागराज के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोखराज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अलीशान निवासी ग्राम गनसरी थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी।

2—प्रदीप निवासी ग्राम ओसा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी।

3—दीपक निवासी ग्राम खल्लाबाद भरवारी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी।

4—मसरूर निवासी ग्राम सिहोरी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी।

**बरामदगी**

1—चोरी के पीली—सफेद धातु के आभूषण।

2—01 लाख 03 हजार रूपये नगद।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4—घटना में प्रयुक्त 01 फॉर्च्यूनर वाहन आदि।

## जनपद शामली/थाना आदर्श मण्डी

- **अवैध शस्त्र की तस्करी कर रहे 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **14 अवैध तमंचा विभिन्न बोर बरामद**

दिनांक 23.08.2026 को थाना आदर्श मण्डी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गोहरनी पुल के नीचे रेलवे लाइन के पास से अवैध शस्त्र की तस्करी कर रहे 03 अभियुक्तों 1—आरिस उर्फ बच्ची 2—साहिब 3—बाबर उर्फ बवाना को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 14 अवैध तमंचा विभिन्न बोर बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना आदर्श मण्डी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आरिस उर्फ बच्ची निवासी ग्राम जहानपुरा थाना कैराना जनपद शामली।

2—साहिब निवासी ग्राम जहानपुरा थाना कैराना जनपद शामली।

3—बाबर उर्फ बवाना निवासी ग्राम मंडावर थाना कैराना जनपद शामली।

**<u>बरामदगी</u>**

1—14 अवैध तमंचा विभिन्न बोर।

**<u>जनपद शामली/थाना—थानाभवन</u>**

- **अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ 08 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 540 ग्राम अवैध स्मैक बरामद**

दिनांक 23.08.2026 को थाना—थानाभवन व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे अभियुक्त फारूख को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ 08 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 540 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—फारूख निवासी ग्राम मंडावर थाना कैराना जनपद शामली।

**<u>बरामदगी</u>**

1—लगभग 01 करोड़ 08 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 540 ग्राम अवैध स्मैक।

➢ **<u>कमिश्नरेट प्रयागराज (गैंगेस्टर एक्ट में लगभग 15 करोड़ रूपये कीमत की सम्पत्ति कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही)</u>**

कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस ने अभियुक्त मो0 नब्बे उर्फ नईम उर्फ नजमे आलम पुत्र मो0 मुस्लिम निवासी मुबारकपुर थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा अपने परिजनो के नाम पर अवैध रूप से अर्जित की गयी चल/अचल सम्पत्ति कीमत करीब 15 करोड़ रूपये को गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी गयी।

————————